**Series SMA**

कोड नं. **69**
Code No.

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **6** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **6** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)

# HOME SCIENCE (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 70*

*सामान्य निर्देश :*

(i) ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं ।*

(iii) *प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा समुचित उत्तर दें ।*

(iv) *प्रश्न के सभी भाग इकट्ठे हल किए जाएँ ।*

***General Instructions :***

(i) ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) *Marks for each question are indicated against it.*

(iii) *Read each question carefully and answer to the point.*

(iv) *All parts of a question should be attempted together.*

**1.** किसी उपभोक्ता उत्पाद के टी.वी. पर विज्ञापन करने का एक लाभ और एक हानि लिखिए । *1*

Give one advantage and one disadvantage of advertising a consumer product on T.V.

**2.** कोई व्यक्ति कृत्रिम प्रतिरक्षा कब और कैसे प्राप्त करता है ? *1*

When and how does a person acquire artificial immunity ?

**3.** दाग छुड़ाते हुए उसे छुड़ाने वाले कारक को गोलाई में क्यों रगड़ा जाता है ? *1*

While removing stains why is the cleaning agent rubbed in a circular way ?

**4.** BCG का टीकाकरण कब और क्यों किया जाता है ? *1*

When and why is BCG vaccination given ?

**5.** अलग-अलग दुकानों में अरहर की दाल फीकी या उजली व चमकीली क्यों दिखाई पड़ती है ? *1*

Why does Arhar dal look dull or bright and shiny in different shops ?

**6.** उपांत लाभ (फ्रिंज बेनिफिट्स) क्या हैं ? आपके परिवार को प्राप्त दो उपांत लाभ बताइए । *2*

What are fringe benefits ? List two fringe benefits your family enjoys.

**7.** मौद्रिक आय और मानसिक (साइकिक) आय में परस्पर दो अंतर बताइए । *2*

Give two points of difference between money income and psychic income.

8. रजनी को सुझाइए कि उसे अपना ही प्ले-स्कूल खोलने में सहायता के लिए बारहवीं कक्षा के बाद गृह विज्ञान के क्षेत्र में किन दो पाठ्यक्रमों का अध्ययन करना चाहिए । 2

Suggest to Rajni two courses in Home Science that she should pursue after Class XII to help her open her own play school.

9. घटिया किस्म के फल और सब्ज़ियों की खरीद से बचने के लिए आप किन चार नियमों का पालन करना चाहेंगे ? 2

List four rules that you would follow to avoid purchasing inferior quality fruits and vegetables.

10. आपके मिक्सर-ग्राइंडर ने मरम्मत के दो सप्ताह के भीतर ही काम करना बंद कर दिया । इस समस्या से निपटने के लिए आप कौनसे दो कदम उठा सकते हैं ? लिखिए । 2

Your mixer-grinder stopped working within two weeks of getting it repaired. Mention two actions you can take to deal with this problem.

11. ऐसे चार कारणों का उल्लेख कीजिए जिनसे कोई परिवार अपनी आय को बढ़ाने का निर्णय अचानक लेता है । 2

Write four reasons for which a family may suddenly decide to supplement its income.

12. स्कर्ट और ब्लाउज़ में लय (रिद्म) पैदा करने के लिए चार तरीकों का सुझाव दीजिए । 2

Suggest four ways of creating rhythm in a skirt and blouse.

13. आपकी बहन का आठ माह का बच्चा "पृथक्करण दुश्चिंता" (सेपरेशन ऐंक्ज़ाइटी) के लक्षण प्रदर्शित कर रहा है । ऐसे व्यवहार का एक कारण बता कर उससे निपटने के दो उपाय लिखिए । 2

Your sister's eight-month-old child is showing "Separation Anxiety". Give one reason for this behaviour and suggest to her two ways to deal with such a behaviour.

14. घर पर जल को शुद्ध करने के दो उपाय लिखिए जो कम लागत के हों और प्रभावी भी हों । आपके विचार से उन दोनों में कौन-सा उपाय अधिक प्रभावकारी है और क्यों ? 2

Name two inexpensive and effective methods of purifying water at home. Of the two methods, which one according to you is better and why ?

15. पोस्ट ऑफिस योजनाओं की अपेक्षा जीवन बीमा में निवेश के दो लाभों की तुलना कीजिए । 2

Compare two benefits of investing in LIC with those of Post Office schemes.

**16.** चार युक्तियाँ सुझाइए जिनसे भोज्य सामग्री के संचालक (हैंडलर्स) रोगों को फैलने से रोक सकते हैं । *2*

Present four strategies by which food handlers can prevent spread of diseases.

**17.** दुबले और लंबे व्यक्ति के लिए एक उपयुक्त परिधान (ड्रेस) सुझाइए और अपने सुझाव की उपयुक्तता बताइए । *2*

Suggest a suitable dress for a thin and tall person and justify your selection.

**18.** भारी ज़री की साड़ियों के भंडारण में नैफ़्थलीन बॉल्स का उपयोग क्यों नहीं करना चाहिए ? यह भी लिखिए कि कभी-कभी उलटी दिशाओं में साड़ियाँ पुनः तह करना और उनमें हवा लगने देना क्यों ज़रूरी है । *2*

Why should one never use naphthalene balls for storing heavy zari sarees ? Also write why occassional refolding in opposite direction and airing of these sarees are necessary.

**19.** दो विशिष्ट खनिजों के नाम लिखिए जिनकी गर्भावस्था में आवश्यकता बढ़ जाती है । उनकी ज़रूरत बढ़ने का एक-एक कारण भी लिखिए । *2*

Name and give one reason each for the enhanced need of two specific minerals during pregnancy.

**20.** रेडीमेड वस्त्रों की गुणवत्ता में दिखाई पड़ने वाले छह दोषों की पहचान कीजिए । *3*

Identify six defects in quality of readymade garments that one may notice.

**21.** जन्म से लेकर एक वर्ष तक बच्चे का भाषिक विकास किस प्रकार होता है ? स्पष्ट कीजिए । *3*

Elaborate how language development of a child takes place from birth to one year.

**22.** सदा मानकीकरण चिह्न लगे हुए बिजली के उपकरण ही क्यों खरीदने चाहिए ? दो कारण लिखिए । यह भी बताइए कि इन उपकरणों पर कौनसा मानक चिह्न होता है । *3*

Write two reasons why one should always buy electrical gadgets bearing a standardization mark. Also name the mark given to these gadgets.

**23.** एक साल के बच्चे को घर पर नौकरानी के पास या फिर पड़ोसी के पास छोड़ने के तीन लाभों की तुलना कीजिए । *3*

Compare three benefits of leaving a one-year-old child at home with a maid or with neighbours.

**24.** उन रोगों के नाम लिखिए जिन्हें MMR के टीके से रोका जा सकता है । ऐसी बीमारियों में से किसी एक की पहचान के तीन लक्षणों का उल्लेख कीजिए । *3*

Name the diseases that can be prevented by MMR vaccine. Write three symptoms of any one of these diseases by which you can identify the disease.

**25.** खाना बनाने वाले को अपने रसोई घर में खाना बनाते समय भोजन को विषाक्त होने से बचाने के तीन महत्त्वपूर्ण नियमों की जानकारी एक-एक कारण सहित दीजिए । *3*

Appraise your home cook of three important rules to prevent food poisoning (while working in the kitchen) and give one reason for each rule.

**26.** अपने लिए पैंट खरीदते समय आप कारीगरी के किन छह पहलुओं की जाँच करेंगे ? *3*

Which six aspects of workmanship will you check while buying a pant for yourself ?

**27.** घरेलू खर्चे का हिसाब-किताब रखने की आवश्यकता का औचित्य बताइए । यदि आप ऐसा हिसाब-किताब रखती हों और व्यय करने वाले व्यक्ति एक से अधिक हों, तो आपको क्या सावधानियाँ बरतनी होंगी ? *4*

Justify the need for maintaining household account. If you are maintaining this account, what precautions do you need to take when there is more than one person to spend the money ?

**28.** चार ऐसे बिन्दुओं का उल्लेख उनके औचित्य सहित कीजिए जिनके आधार पर आप एक-वर्षीय, सोलह-वर्षीय, छत्तीस-वर्षीय तथा छिहत्तर-वर्षीय व्यक्तियों के लिए उपयुक्त कपड़ों का चुनाव करेंगे । *4*

Give four points of comparison with one justification each for the type of clothes you would select for a one-year-old, 16-year-old, 36-year-old and 76-year-old person.

**29.** रिंकू एक बहरा बच्चा है । उसकी विशेष आवश्यकताओं का उल्लेख कीजिए । उसकी सहपाठी होने के नाते कक्षा में समायोजन (एडजस्टमेंट) के लिए आप उसकी क्या सहायता करेंगी ? *4*

Rinku is a deaf child. Write his specific needs. Being his classmate, what all will you do to help him adjust in class ?

**30.** अम्बा बुखार से पीड़ित है । उसके परिवार के लिए आयोजित निम्नलिखित भोजन में आप अम्बा के लिए कौन-से चार संशोधन करेंगे और क्यों ?
रसे वाले आलू, भिंडी, बूँदी का रायता, पूरी और केले का कस्टर्ड ।
अपने चुनाव का औचित्य भी बताइए । *4*

Amba is suffering from fever. Make four modifications for Amba in the following meal planned for the family :
Potato in gravy, Lady-finger, Boondi raita, Poori and Banana Custard.
Justify your choice.